(श्री मुकुल वासनिक) : (क) जी, हां। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका में संबंधित क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड प्रतियोगिता की मेजबानी करेंगे ।

(ख) प्रतियोगिता में कुल 37 मैच खेले जायेंगे, जिसमें से भारत 16 या 17 मैचों की मेजबानी करेगा । प्रतियोगिता की विस्तृत अनुसूची को अभी अंतिम रूप दिया जाना है । प्रतियोगिता में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी.) के नौ पूर्ण सदस्यों अर्थात आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे के अलावा आई.सी.सी. के तीन सह-सदस्य भी भाग लेंगे । सह-सदस्यों के नाम कीनिया में खेली जानेवाली 1994 आई.सी.सी. ट्राफी के बाद निर्धारित किये जायेंगे ।

(ग) जी, नहीं । आयोजन समिति का गठन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान तथा श्रीलंका में इसके क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा किया जायेगा ।

Text Books Presicribed in Schools in Rampur A.U.P.)

1417. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that according to an official report of the National Steering Committee on Textbook evaluation two text-books on History, one on Geography; and five on Urdu language being used in a number of schools in Rampur foster all kinds of narrow view of the subjects;

(b) whether the report of the Committee submitted to Government was taken up in a meeting of the State Eduaction Ministers convened by the Minister of Human Resource Development;

(c) whether the educational institutions involved are tiej»g funded by both the Central and State Governments, if so, what action Government have taken or propose to take against them; and

(d) whether these text-books have so far been withdrawn from the pre-scribed courses, if not the reasons therefor?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) Central Government does not provide any financial assistance to in dividual schools. As regards the Gov ernment of Uttar Pradesh, the infor mation is being collected.

(d) According to the NCERT, there books are not prescribed by the State educational authorities.

उत्तर प्रदेश में तम्बुओं में चल रहे केन्द्रीय विद्यालय

1418. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश राज्य में केन्द्रीय विद्यालय तम्बुओं में चलाये जा रहे हैं ;

(ख) क्या गत तीन वर्षों के दौरान सरकार ने इन विद्यालयों के लिये भवनों के निर्माण हेतु कोई उपाय किये हैं ; और

(ग) सरकार इस संबंध में अगले वर्ष क्या प्रयास करने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश में एक भी केन्द्रीय विद्यालय तम्बु में नहीं चलाया जा रहा है । जब तक स्थाई